झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा — पंचम् (बजट) सत्र
संख्या-10 — सोमवार, दिनांक-29 फरवरी, 2016 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वा० से 02.07 बजे अप० तक।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

1. विविध चर्चायें

i- माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही गत दिनों की भाँति झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, झारखण्ड विकास मोर्चा एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिकांश माननीय सदस्य हाथों में पोस्टर लेकर अपने-अपने स्थान पर खड़े हो गये और जे.पी.एस.सी. की परीक्षाओं में गड़बड़ी के विरोधस्वरूप नारेबाजी करते हुए सदन की वेल में आ गये और पाँचवीं जे.पी.एस.सी. की मुख्य परीक्षा के परिणाम को रद्द करने तथा स्थानीय लोगों की, नियुक्ति में भागीदारी सुनिश्चित किये जाने की मांग करने लगे। आसन द्वारा बार-बार उन्हें अपने स्थान पर बैठने हेतु अनुरोध किया गया,

ii- माननीय कृषि मंत्री द्वारा दिनांक- 27.02.2015 को अखबार दिये गये बयान के विरूद्ध माननीय सदस्य, श्री राजकुमार यादव भी सदन की वेल में आ गये,

iii- इस क्रम में माननीय संसदीय कार्यमंत्री, श्री सरयू राय ने आसन से आग्रह किया कि माननीय विपक्षी सदस्यों द्वारा जे.पी.एस.सी. के सम्बन्ध में लाये गये कार्यस्थगन प्रस्ताव को झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-54 के तहत स्वीकार कर लिया जाय ताकि सरकार पूरी वस्तुस्थिति को सदन में रख सके,

iv- आसन के द्वारा माननीय सदस्यों से कहा गया कि सदन अपनी सीमा से बाहर जाकर कोई निर्णय नहीं कर सकता है,

v- माननीय सदस्य, श्री राधाकृष्ण किशोर ने आसन से आग्रह किया कि इस विषय का निदान अपने कार्यालय कक्ष में किया जाय,

vi- माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने पाँचवीं जे.पी.एस.सी. की मुख्य परीक्षा के प्रकाशित परीक्षा फल को रद्द करने की माँग दुहराई,

vii- माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री सरयू राय द्वारा नियमानुसार उक्त विषय पर प्राप्त कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना के आलोक में सदन में चर्चा कराये जाने का सुझाव दिया गया,

viii- माननीय सदस्य, श्री स्टीफेन मराण्डी द्वारा कहा गया कि जब मामला न्यायालय में विचाराधीन है, तो फिर परीक्षाफल क्यों प्रकाशित किया गया। अतएव इन्होंने भी उक्त परीक्षाफल को रद्द करने की माँग की,

P.T.O.

X- सदन में उत्पन्न गतिरोध का सार्थक हल निकालने के निमित्त आसन द्वारा कार्य-मंत्रणा समिति के माननीय सदस्यों को अपने कार्यालय कक्ष में आहूत बैठक सम्बन्धी सूचना दी गयी तथा उसमें उन्हें उपस्थित होने हेतु अनुरोध किया गया। इस बीच सत्ता पक्ष के कतिपय माननीय सदस्य भी अपने-अपने स्थान से नारेबाजी करने लगे। अतएव अव्यवस्था के माहौल को देखते हुए सदन की कार्यवाही-11.27 **बजे पूर्वा० से लेकर** 12.00 **बजे मध्या० तक के** लिये स्थगित कर दी गई।

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही पूर्व की स्थिति पुनः कायम हो गई। अतएव सदन की कार्यवाही-12.07 **बजे पूर्वा० से लेकर 12.50 बजे अप० तक के** लिये स्थगित कर दी गई।

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

2. <u>वित्तीय कार्य:-</u>

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी, माननीय मंत्री द्वारा जल संसाधन विभाग से सम्बन्धित माँग पेश की गयी जिसपर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

3. <u>वित्तीय कार्य(क्रमांक-2 से जारी):-</u>

सरकार की ओर श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी, माननीय मंत्री द्वारा जल संसाधन विभाग द्वारा उत्तर दिया गया। श्री प्रदीप यादव, स०वि०स० द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तदुपरांत जल संसाधन विभाग की माँग सदन द्वारा स्वीकृत की गयी।

4. <u>आसन से घोषणा:-</u>

झारखण्ड विधान सभा में आजसू पार्टी के माननीय सदस्य, श्री रामचन्द्र सहिस को उप मुख्य सचेतक, आजसू पार्टी (सत्तारुढ़ दल) के रूप में मान्यता प्रदान किये जाने की घोषणा आसन से की गयी तदुपरांत सभा की कार्यवाही **मंगलवार, दिनांक-01.03.2016 के 11.00** बजे पूर्वा० तक के लिये स्थगित की गई।

राँची,

दिनांक- 29, फरवरी, 2016 ई०।

बिनय कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

---x---x---